राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर

जवाहर लाल नेहरू मार्ग

क्रमांक : परीक्षा / नामांकन / परीक्षा–2024 /   दिनांकः

समस्त निदेशक, प्राचार्य / प्राचार्या
संघटक / सम्बद्ध महाविद्यालय,
राजस्थान विश्वविद्यालय।

विषयः– महाविद्यालय में सत्र् 2024–25 में नवीन प्रवेशित विद्यार्थियों के पोर्टल पर पंजीकरण के संबंध में।

महोदय / महोदया,

कार्यालय पत्रांक क्रमांकः परीक्षा 6–अ / 2024 / 1768 दिनांक 16.10.2024, परीक्षा 5–अ / 2024 / CE / 2114 दिनांक 06.11.2024, क्रमांक : परीक्षा नियंत्रक / परीक्षा–2024 / 26 दिनांक 08.11.2024, क्रमांक : परीक्षा नियंत्रक / परीक्षा–2024 / 2139 दिनांक 25.11.2024, क्रमांक : परीक्षा नियंत्रक / परीक्षा–2024 / 356 दिनांक 30.11.2024 एवं क्रमांक : परीक्षा नियंत्रक / परीक्षा–2024 / 2151 दिनांक 05.12.2024 की निरन्तरता में लेख है कि शैक्षणिक सत्र् 2024–25 में आपके महाविद्यालय में नवीन प्रवेशित छात्र / छात्राओं का विश्वविद्यालय में ऑनलाईन पंजीकरण की CSV फाईल अपलोड करने कि तिथि 25.12.2024 तक बढाई जाती है। अतः आप सभी प्रवेशित छात्र / छात्राओं की योग्यता / पात्रता की जाँच कर राज्य सरकार की प्रवेश नीति सत्र् 2024–25 तथा विश्वविद्यालय के दिशानिर्देशानुसार महाविद्यालय / विभाग पोर्टल पर पंजीकरण किया जाना सुनिश्चित करें।

विद्यार्थियों के पंजीकरण करते समय छात्र / छात्रा का नाम, पिता का नाम, माता का नाम इत्यादि की जानकारी बोर्ड द्वारा प्रदत सैकेण्ड्री, सीनियर सैकेण्ड्री परीक्षा की अंकतालिका एवं विश्वविद्यालय द्वारा जारी अंकतालिकाओं के अनुसार ही अंकित करें।

साथ ही परीक्षा आवेदन पत्र भरे जाने हेतु ABC ID/APAAR ID का होना आवश्यक है। अतः आपके महाविद्यालय / विभाग में अध्ययनरत सभी छात्रों का ABC ID में पंजीकरण करवाकर उसकी सूचना महाविद्यालय पोर्टल पर अंकित करने का श्रम करें।

नोटः–

1. **नियमित विद्यार्थियों के परीक्षा फॉर्म अग्रेषित करते समय उनके महाविद्यालय में प्रवेशित विद्यार्थियों द्वारा 75 प्रतिशत उपस्थिति एवं नियमानुसार सतत् मूल्यांकन में न्यूनतम उत्तीर्णांक होना आवश्यक है।**
2. **नियमित विद्यार्थियों के परीक्षा ऑनलाईन आवेदन पत्र में आवश्यक संशोधन हेतु महाविद्यालय विद्यार्थियों को विश्वविद्यालय नहीं भेजे। महाविद्यालय स्तर पर होने वाले आवश्यक संशोधन अथवा परीक्षा आवेदन पत्रों में आ रही समस्याओं हेतु अपने स्तर पर प्रक्रियानुसार संशोधित करें तथा यदि विश्वविद्यालय स्तर का संशोधन होना है तो महाविद्यालय संबंधित आवेदन पत्र मय दस्तावेज सहित अपने प्रतिनिधि के साथ आवश्यक संशोधन हेतु विश्वविद्यालय को प्रेषित करें।**
3. **महाविद्यालय द्वारा प्रेषित किये गये पत्रों में महाविद्यालय कोड तथा मोबाईल नम्बर आवश्यक रूप से अंकित करें।**

sd—
परीक्षा नियंत्रक

क्रमांक : परीक्षा / नामांकन / परीक्षा–2024 / 918-932   दिनांकः 17-12-24

प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित हैः–

1. निदेशक, इन्फोनेट सेंटर, राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर को प्रेषित कर लेख है कि उक्त पत्र को विश्वविद्यालय वेबसाइट पर प्रसारित करवाने की व्यवस्था करें।
2. समस्त उप कुलसचिव (नामांकन / गोपनीय / डिग्री / सैलर–I एवं II / विविध), रा.वि.वि., जयपुर।
3. निजी सचिव, कुलपति / कुलसचिव / वित्त नियंत्रक / परीक्षा नियंत्रक, राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर।
4. समस्त सहायक कुलसचिव / अनुभागाधिकारी (नामांकन / गोपनीय / डिग्री / सैलर– I, II / विविध), रा.वि.वि. जयपुर।
5. संबंधित कम्प्यूटर फर्म को प्रेषित कर लेख है कि उक्त पत्र को सभी महाविद्यालयों की लॉगिन आई.डी. (Login ID) एवं मेल आई.डी. पर अपलोड़ करने का श्रम करें।

17/12/24
सहायक कुलसचिव (परीक्षा)